# UP Board Notes Class 11 भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास Chapter 8 आधारिक संरचना Bhartiya Arthvyavastha Ka Vikas

## आधारित संरचना की अवधारणा

**आधारित संरचना :**

किसी अर्थव्यवस्था की उत्पादन गतिविधियों की वह सहयोगी व्यवस्था जो आर्थिक और सामाजिक परिवर्तनों के मूल तत्व को प्रकट करती है और सहायता का कार्य करती है |

अन्य शब्दों में,

किसी अर्थव्यवस्था कि उत्पादन गतिविधियों में सहायक वे सभी सेवाएँ एवं सुविधाएँ जो विकास में सहयोगी होती हैं, आधारित संरचना कहलाती है | जैसे - सड़क, परिवहन, संचार, भवन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की व्यवस्था, उर्जा या बिजली इत्यादि |

**आधारित संरचना के प्रकार/श्रेणी :**

**(i) आर्थिक आधारित संरचना :** वे सभी तत्व जो आर्थिक गतिविधियों की रीढ़ है और उनके वृद्धि में सहायक है आर्थिक आधारित संरचना कहलाती हैं | जैसे - ऊर्जा, परिवहन और संचार आदि |

**(ii) सामाजिक आधारित संरचना :** आधारित संरचना के वे सभी तत्व जो सामाजिक गतिविधियों के विस्तार एवं विकास में सहायक है तथा सहयोगी भूमिका अदा करती हैं | सामाजिक आधारित संरचना कहलाती हैं | जैसे - स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए स्कूल एवं हॉस्पिटल और आवास इत्यादि |

**आर्थिक आधारित संरचना एवं सामाजिक आधारित संरचना में अंतर :**

**आर्थिक आधारित संरचना :**

(i) आर्थिक आधारित संरचना के अंतर्गत ऊर्जा, परिवहन, दूरसंचार इत्यादि को सम्मिलित किया जाता है |

(ii) यह प्रत्यक्ष रूप से उत्पादन एवं लोगों की विकास में सहायक होते हैं |

(iii) इनके उपयोग से उत्पादकता में वृद्धि होती है जिसके कारण उत्पादन लागत कम  हो जाता है |

(iv) ये भौतिक पूँजी के भंडार होते हैं |

**सामाजिक आधारित संरचना :**

(i) इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं आवास आदि सुविधाओं को शामिल किया है |

(ii) यह अप्रत्यक्ष रूप से उत्पादन में सहायक है |

(iii) इसमें मानव संसाधन की गुणवता एवं कौशल में सुधार होता है |

(iv) इससे मानव पूँजी का निर्माण होता है |

**आधारित संरचना के प्रभाव :**

(i) आधारित संरचना आर्थिक विकास को प्रेरित करती है |

(ii) आधारित संरचना उत्पादकता को प्रभावित करती है |

(iii) आधारित संरचना उत्पादन के स्रोतों में संयोजन का अकरी करती है |

(iv) आधारित संरचना कार्य करने की दक्षता को बढाता है |

(v) आधारित संरचना निवेश को प्रेरित करती है |

(vi) आधारित संरचना आउटसौर्सिंग के लिए सुविधा प्रदान करती है एवं आधारित संरचना के केंद्र के रूप में कार्य करता है |

(vii) जहाँ आधारित संरचना मजबूत है वहाँ FDI को बढ़ावा मिलता है |

**ऊर्जा का महत्त्व :**

किसी भी देश की विकास के लिए ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण स्थान है | इसका प्रत्येक क्षेत्र में आर्थिक क्रियाओं का संचालन और विकास के लिए ऊर्जा बहुत ही आवश्यक है |

(i) उत्पादन क्रिया जैसे उद्योग, व्यवसाय आदि में ऊर्जा के बिना कल्पना किया भी नहीं सकता है |

(ii) कृषि में ऊर्जा का उपयोग अब बड़े पैमाने पर हो रहा है | इसमें कई मशीनें जैसे ट्रेक्टर, थ्रेसर आदि को चलाने के लिए और सिंचाई के लिए आजकल ऊर्जा की जरुररत होती है |

(iii) अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्र जिसमें सेवा क्षेत्र शामिल है का विकास उर्जा पर निर्भर करता है | उदाहरण के लिए परिवहन, बैंकिंग बीमा आदि |

(iv) सुचना एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र तो सौ फीसदी ऊर्जा पर ही निर्भर है | विकास की कल्पना ऊर्जा के बिना संभव नहीं है |

**ऊर्जा के प्रकार :**

(i) व्यावसायिक ऊर्जा

(ii) गैर-व्यावसायिक ऊर्जा

**(i) व्यावसायिक ऊर्जा :** वह ऊर्जा जिसके लिए उपभोक्ता को कीमत अदा करनी पड़ती है तथा व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए कारखानों, खेतों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में प्रयोग किया जाता है | उदाहरण कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और विद्युत आदि |

**(ii) गैर व्यावसायिक ऊर्जा :** ऊर्जा के वे सभी स्रोत जिनके लिए उपभोक्ता को कोई कीमत अदा नहीं करनी पड़ती है | गैर-व्यावसायिक ऊर्जा कहलाता है | गैर व्यावसायिक ऊर्जा का उपयोग मुख्यत: धरेलू तथा उपभोग के उद्देश्य के लिए किया जाता है | इसमें लकड़ी, गोबर, आदि शामिल है |

**भारत में ऊर्जा का वितरण :**

भारत में कुल ऊर्जा का आधे से अधिक भाग लगभग (65 प्रतिशत ) की आपूर्ति व्यावसायिक ऊर्जा होती है जबकि शेष 35 प्रतिशत ऊर्जा की आपूर्ति गैर व्यावसायिक ऊर्जा से होती है | व्यावसायिक ऊर्जा में कोयले का प्रमुख स्थान है जो कुल व्यावसायिक ऊर्जा का 55 % है | जल विद्युत को छोड़कर सभी व्यावसायिक ऊर्जा के स्रोत समाप्त हो जाते है | गैर व्यावसायिक ऊर्जा नवीकरणीय है इसका पुन: नवीकरण किया जा सकता है |

व्यावसायिक ऊर्जा एवं गैर व्यावसायिक ऊर्जा में अंतर :

**व्यावसायिक ऊर्जा :**

(i) व्यावसायिक ऊर्जा का उपयोग उत्पादन क्रियाओं जैसे उद्योग कृषि एवं व्यावसायिक क्रियाओं में किया जाता है |

(ii) व्यावसायिक उर्जा में कोयला, पेट्रोलियम, विद्युत आदि शामिल है |

(iii) व्यावसायिक ऊर्जा की कीमत चुकानी पड़ती है |

**गैर-व्यावसायिक ऊर्जा :**

(i) गैर-व्यावसायिक ऊर्जा का उपयोग घरेलु उपभोग के लिए किया जाता है |

(ii) इसमें लकड़ी एवं गोबर आदि शामिल है |

(iii) इसकी कोई कीमत नहीं चुकानी पड़ती है |

**उर्जा के परंपरागत स्रोत :** ऊर्जा के वे स्रोत जिनका मनुष्य लंबे समय से उपयोग करता आ रहा है | ऊर्जा के परंपरागत स्रोत कहलाते हैं | कोयला, पेट्रोलियम, बिजली इत्यादि |

**ऊर्जा के गैर परम्परागत स्रोत :** ऊर्जा के वे स्रोत जिनका उपयोग करना मनुष्यों ने हाल ही में सिखा है अथवा हाल के समयों से उपयोग कर रहे हैं | ऊर्जा के गैर परम्परागत स्रोत कहलाते हैं |

उदाहरण : सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, और बायोमास इत्यादि |

ऊर्जा के परंपरागत और गैर-परंपरागत स्रोतों में अंतर :

**ऊर्जा के परंपरागत स्रोत :**

(i) इनका प्रयोग बहुत लंबे समय से हो रहा है |

(ii) ये समाप्त होने वाले होते है और भंडारण सिमित होता है |

(iii) इन स्रोतों से ऊर्जा का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा सकता है |

(iv) ये पर्यावरण को नुकसान पहुँचाते हैं |

(v) उदाहरण : कोयला, पेट्रोलियम, बिजली इत्यादि |

**ऊर्जा के गैर-परंपरागत स्रोत :**

(i) इनका प्रयोग हाल ही के समयों से हो रहा है |

(ii) ये समाप्त नहीं होते हैं और इनका असिमित भंडार है |

(iii) इन स्रोतों का प्रयोग छोटे पैमाने पर ऊर्जा निर्माण में किया जा सकता है |

(iv) ये पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुँचाते हैं |

(v) उदाहरण : सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, और बायोमास इत्यादि |

**ऊर्जा के परंपरागत स्रोत के अंतर्गत निम्नलिखित स्रोत हैं :**

(i) कोयला : भारत में प्राथमिक स्रोत के रूप में कोयला ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है कोयला उत्पादन में चीन और अमेरिका के बाद भारत का तीसरा स्थान है | भारत में उत्पादित कुल ऊर्जा का 65 - 67 प्रतिशत आपूर्ति कोयले से होती है | इससे ताप विद्युत स्टेशन चलाए जाते हैं तथा सीमेंट उद्योग, स्टील प्लांट और ईंट भटठे के उद्योग उपयोग होता है |

(ii) पेट्रोलियम : पेट्रोलियम का भारत में एक महत्वपूर्ण स्थान है और इसकी मांग कि तुलना में भारत में उत्पादन बहुत कम है | इसलिए पेट्रोलियम की माँग को पूरा करने के लिए भारत इसकी आयात करता है |

(iii) प्राकृतिक गैस : आजकल प्राकृतिक गैस का उपयोग काफी बढ़ गया है | यह घरेलु ईंधन का एक महत्वपूर्ण साधन है | CNG जैसे प्राकृतिक गैस का उपयोग अब वाहनों में भी होने लगा है | प्राकृतिक गैस का प्रमुख भंडार मुंबई, गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु और आंध्रप्रदेश में पाए जाते है |

(iv) विद्युत ऊर्जा

(a) तापीय विद्युत : भारत में जितने भी तापीय विद्युत संयंत्र है इनकी निर्भरता कोयले तथा तेल पर है | जिसमें कोयले से विद्युत उत्पादन तेल कि तुलना में सबसे अधिक है |

(b) जल विद्युत ऊर्जा (Hydro-electrocity) : जल विद्युत ऊर्जा की भूमिका भारत में बहुत ही महत्त्वपूर्ण है | इसका उत्पादन तेज प्रवाह वाली नदियों पर डैम बनाकर किया जाता है | इस परियोजना को बहुउदेशीय नदी घाटी परियोजना कहते हैं | भारत में ऊर्जा उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी लगभग 20 % है |

(c) परमाणु ऊर्जा : भारत परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में काफी विकास किया है | परन्तु इस पर निर्भरता अभी बहुत ही कम है | देश में कई परमाणु उर्जा संयंत्र स्थापित किया जा चूका है | जैसे नरोरा परमाणु संयंत्र (ऊतरप्रदेश), तारापुर स्टेशन मुंबई, कलपकम स्टेशन तमिलनाडु |

**ऊर्जा क्षेत्र में चुनौतियाँ :**

(i) विद्युत उत्पादन इसके माँग की अपेक्षा कम है अर्थात अपर्याप्त विद्युत उत्पादन |

(ii) निम्न संयंत्र लोड फैक्टर : हमारे देश में विद्युत सा संयंत्रो कि जितनी क्षमता है उससे भी कम क्षमता का उपयोग किया जाता है |

(iii) घाटे की बिजली बोर्ड : भारत में अधिकांश विद्युत बोर्ड घाटे में है जिससे ये आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रही हैं | ये अपने कर्मचारियों के वेतन तक समय पर नहीं दे पाती है | ख़रीदे गए की कीमत भी नहीं अदा कर पाते हैं |

(iv) विद्युत संचारण एवं वितरण घाटा |

(v) कच्चे माल की कमी : विद्युत उत्पादन के लिए मुख्यत: सभी ताप संयंत्र कोयले एवं पेट्रोलियम पर निर्भर है जिसकी पर्याप्त पूर्ति की समस्या का सामना करना पड़ता है |

(vi) विद्युत पर सब्सिडी : विद्युत सबसिडी को पूरा करने के लिए सरकार को हर वर्ष करोडो का नुकसान उठाना पड़ता है |

(vii) परमाणु विद्युत उत्पादन की धीमी प्रक्रिया : परमाणु विद्युत उत्पादन की निर्भरता युरेनियम या थोरियम के आपूर्ति पर जो भारत में सिमित है, जिसके कारण परमाणु ऊर्जा का उत्पादन बहुत कम है |

(viii) विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में निजी क्षेत्रों की सिमित भूमिका है, इस क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र |

**विद्युत संकट से निपटने से उपाय :**

(i) उत्पादन क्षमता में वृद्धि :

(ii) निजी क्षेत्र की भूमिका में वृद्धि

(iii) प्लांट क्षमता का पूर्ण उपयोग

(iv) शक्ति संयंत्रो की आगत पूर्ति में वृद्धि

(v) नवीकरणीय स्रोतों के प्रयोग में वृद्धि करके

**भारत सरकार द्वारा उर्जा संकट से निपटने के लिए किए गए उपाय :**

(i) विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाने के उपाय किए जा रहे हैं |

(ii) विद्युत क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भूमिका बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे है और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है |

(iii) सभी विद्युत बोर्ड को कुशल एवं आधुनिक बनाया जा रहा है ताकि विद्युत क्षति को रोका जा सके |

(iv) ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोत को बढ़ावा दिया जा रहा है |

(v) बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए नए तकनीकों एवं संयंत्रों का उपयोग किया जा रहा है |

**संचारण एवं वितरण हानि :** विद्युत को एक स्थान से दुसरे स्थान तक पहुँचने में नष्ट होने वाली ऊर्जा को संचारण एवं वितरण हानि कहते हैं |

संचारण एवं वितरण हानि का कारण :

(i) अकुशल संचारण व्यवस्था

(ii) बिजली की चोरी

**स्वास्थ्य (Health) :**

सामाजिक आधारित संरचना के निर्माण में स्वास्थ्य की महत्त्वपूर्ण भूमिका है | एक स्वस्थ्य मनुष्य की कार्यक्षमता और उसकी शक्ति एक अस्वस्थ्य मनुष्य से कही अधिक होती है | वह अपने जीवन और कार्यों में गुणात्मक सुधार लाता है | एक स्वास्थ्य मनुष्य ही देश के आर्थिक विकास में सुधार ला सकता है |

**मानव शक्ति की गुणवता में सुधार  के तत्व :**

(i) समुचित चिकित्सा सुविधाएँ

(ii) पर्याप्त संतुलित आहार की पूति

(iii) स्वास्थ्य वातावरण

**स्वास्थ्य का महत्त्व (Importance of Health)**

(i) स्वास्थ्य से श्रमिकों की कार्यकुशलता और शक्ति में वृद्धि होती है |

(ii) अच्छे स्वास्थ्य से आधारित संरचना का विकास होता है इसके साथ देश का भी आर्थिक विकास होता है |

(iii) अच्छे स्वास्थ्य की स्थिति में जहाँ लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हैं वहाँ सरकार को स्वास्थ्य के लिए कम पैसे खर्च करने पड़ते हैं | अर्थात धन के अपव्यय को कम करता है |

(iv) स्वास्थ्य शिक्षित लोगों की संख्या में वृद्धि करता है और इनकी योग्यता को बढाता हैं |

(v) स्वास्थ्य व्यक्ति की जीवन की गुणवता में वृद्धि करता हैं |

**भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में विकास :**

(i) मृत्यु दर में भारी कमी हुई है |

(ii) जन्म दर में भी गिरावट हुई है |

(iii) जीवन प्रत्याशा में वृद्धि हुई और संक्रामक बिमारियों पर काबू पाया गया है |

(iv) शिशु मृत्यु दर में काफी कमी आई है |

(v) स्वास्थ्य सेवाओं में नयी तकनीकों विकास हुआ है और बहुत से बिमारियों का ईलाज संभव हुआ है |

**भारत में स्वास्थ्य सुविधाओं के समक्ष चुनौतियाँ :**

(i) स्वास्थ्य सेवाओं का भारत के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में असमान वितरण |

(ii) अकुशल प्रबंधन : स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उपलब्ध कर्मचारियों और स्वास्थ्य केन्द्रों के बीच काफी अंतर जो अकुशल प्रबंधन का कारण है | समुचित एवं आवश्यक दवाइयों का आभाव बनी रहती है |

(iii) निजीकरण (Privatisation) : वतर्मान समय में सरकार अब धीरे-धीरे निजीकरण की ओर  बढ़ रही है | जिससे सरकरी अस्पतालों की जगह प्राइवेट अस्पताल ले रहे है | जिससे स्वास्थ्य सेवाएँ काफी महँगी हो रही है | यही कारण है कि अच्छा स्वास्थ्य सेवाएँ गरीबों के पहुँच से दूर है |

(iv) सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों का घटिया रख-रखाव |

(v) निम्न स्तर की सफाई व्यवस्था |

**रोग वैश्विक भार (Global Burden of Disease) :** रोग वैश्विक भार का उपयोग विशेषज्ञ किसी विशेष रोग के कारण असमय मरने वाले लोगों कि संख्या के साथ-साथ रोगों के कारण असमर्थता में बिताये सैलून की संख्या जानने के लिए करते हैं |

भारतीय चिकित्सा पद्धतियों की सूची :

भारत में छ: चिकित्सा पद्धतियाँ हैं -

(i) एलोपैथिक (ii) आयुर्वेदिक (iii) होम्योपैथिक (iv) यूनानी (v) योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा

(vi) सिद्ध |